नाम तो हनुमान है

मुश्किल करे आसान जो वो नाम तो हनुमान है,
ये बल के अतुलित धाम हैं महादेव के अवतार हैं......

सियाराम के कारज सँवारे लखन जी के प्राण उबारे,
राम जो सबके सहारे तुम बने उनके सहारे,
दुःख सिंधु से करे पार जो वो नाम तो हनुमान है,
मुश्किल करे आसान जो वो नाम तो हनुमान है......

जिस मुख में इनका नाम है चिंता की फिर क्या बात है,
भटके नहीं जग में कभी जो हाथ इनके हाथ है,
कर दे असंभव को भी संभव मंत्र वो हनुमान है,
मुश्किल करे आसान जो वो नाम तो हनुमान है......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29349/title/naam-to-hanuman-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |